कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,

23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः– 211002

दूरभाष सं0 / फैक्स नं0ः– 0532 2466769, 0532 2467504 Website: http:\\updeled.gov.in

ई–मेल आई डीः– secretarypnp.up@gmail .com, uptethelpline@gmail.com

विज्ञप्ति

उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UP-TET) 2021 हेतु ऑन लाइन आवेदन की अन्तिम तिथि बढ़ाने के सम्बन्ध में

माननीय उच्च न्यायालय में योजित याचिका सं0 14812/2021 संदीप मिश्रा व 4 अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 22.10.2021 के अनुपालन में शासनादेश सं0 932/अरसठ–4–2021–9(3)/2021 दिनांक 25.10.2021 द्वारा NIOS से दूरस्थ शिक्षा विधि के माध्यम से डी0एल0एड0 प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके समस्त अभ्यर्थियों को गतिमान उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 में सम्मिलित किये जाने की अनुमति इस शर्त के अधीन प्रदान की गयी है कि सम्मिलित होने वाले उक्त अभ्यर्थियों का परीक्षाफल, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित उक्त आदेश दिनांक 22.10.2021 के विरूद्ध विभाग द्वारा योजित की जाने वाली विशेष अपील में पारित अन्तिम निर्णय के अधीन होगा।

शासनादेश दिनांक 25.10.2021 द्वारा प्राप्त अनुमति के क्रम में गतिमान उ0प्र0 शिक्षक पत्रता परीक्षा 2021 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में एक दिन की वृद्धि करते हुए NIOS से डी0एल0एड0 (ODL Mode) प्रशिक्षणधारी समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 04.10.2021 के क्रम में वेबसाइट **https://updeled.gov.in** पर आमंत्रित ऑनलाइन आवेदन के अंतर्गत **NIOS D.El.Ed ODL Mode** प्रशिक्षण योग्यता का चयन कर ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करना सुनिश्चित करें। ऑनलाइन आवेदन हेतु संशोधित समय–सारिणी निम्नवत् है –

क्रम	विषय	संशोधित तिथि
1	रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि	**26.10.2021**
2	ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	**27.10.2021**
3	आवेदन पूर्ण करने एवं पूर्ण आवेदन का प्रिंट लेने की अंतिम तिथि	**28.10.2021**

ऑन लाइन आवेदन की उक्त निर्धारित अंतिम तिथि के उपरान्त एवं ऑनलाइन आवेदन के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे। पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 04.10.2021 में दिये गये शेष दिशानिर्देश एवं शर्ते यथावत् रहेंगी।

(संजय कुमार उपाध्याय)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, प्रयागराज